संख्या-41/2024/।/ 695743/2024/001-71-4002-10-2023

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 19 जुलाई, 2024

विषयः- अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद-26 मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र मद में प्राविधानित धनराशि रू0 1370.00 लाख के सापेक्ष धनरशि रू0 1370.00 लाख (रुपये तेरह करोड़ सत्तर लाख मात्र) की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-967/लेखा/अ0बि0वा0चि0वि0/2024, दिनांक-12.04.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय,लखनऊ हेतु वित्तीय वर्ष-2024-25 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद-26-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र की प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष उपलब्ध करायी गयी सूची को अनुमोदित करते हुए उपकरणों (उपकरणों की अनुमोदित सूची संलग्न), को क्रय किये जाने हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 1370.00 लाख के सापेक्ष धनरशि रू0 1370.00 लाख (रुपये तेरह करोड़ सत्तर लाख मात्र)की धनराशि अवमुक्त करते हुए आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

1. सुसंगत वित्तीय व क्रय नियमों और प्रावधानों का पालन करते हुये पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवश्यक और उपयोगी उपकरण क्रय किये जायें। सभी उपकरणों की विशिष्टियों, गुणवत्ता, नियमानुसार युक्तिसंगत दरों के निर्धारण के साथ सम्बन्धित फर्म की शुचिता आदि की जिम्मेदारी सम्बंधित कुलपति की होगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

2. उपकरणों की गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक के अनुसार आपूर्ति प्राप्त किये जाने का दायित्व संबंधित कुलपति का होगा।
3. उपकरणों के क्रय के उपरान्त विभागीय बजट में अवमुक्त धनराशि का उपभोग प्रमाणपत्र निर्धारित प्रारूप पर वित्त नियंत्रक/वित्त अधिकारी द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
4. स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यों/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्हीं अन्य कार्यों/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
5. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण कोषागार से वास्तविक आवश्यकतानुसार तभी किया जायेगा, जब उपकरणों के क्रय की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हो जाए। स्वीकृत की जा रही धनराशि डाकघर अथवा बैंक खाते में अनावश्यक नहीं रखी जायेगी।
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04.03.2024 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
7. सूची में अनुमोदित उपकरणों का क्रय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही सुनिश्चित किया जायेगा। आगामी वित्तीय वर्ष में क्रय किये जाने की दशा में पुनः सूची पर अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।
8. यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रश्नगत उपकरणों की स्थापना हेतु स्थान, भवन आदि उपलब्ध हैं तथा संचालन हेतु मानव संसाधन उपलब्ध है।
9. उपलब्ध कराये गए प्रस्ताव में इंगित/अनुमानित दरों के आधार पर उक्त स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इसके आधार पर ही नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।
10. उपकरणों के कय में 05 वर्ष की वारण्टी/सी0एम0सी0/ई-प्रोक्योरमेन्ट में इस बिन्दु को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय।
11. उपकरणों का क्रय वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष ही किया जायेगा।
12. वास्तविक आवश्यकता/उपयोगिता के आधार पर ही उपकरणों के क्रय की कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 13,70,00,000 (रुपये तेरह करोड़ सत्तर लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 031 लेखा शीर्षक 4210031057800 मा0 अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ मानक मद 26 मशीनें और सज्जा /उपकरण और संयंत्र के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनाँक- 04-मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

भवदीय,

(मनोज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या व दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार, (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।
4. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
7. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज ।
8. नोडल अधिकारी/ उप सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या-41/2024/I/695743/2024/001-71-4002-10-2023, दिनांक-19.07.2024 का संलग्नक

Eqipment to be Puchased 2024-25				
Sl.No	Name of Equipment	Per unit cost (approx.)	Quantity required	Total Cost (approx.)
1	Desktop & Computer	138,000.00	150	20,700,000.00
2	Laser Jet Duplex Color Printer with Scanner SPDf	120,000.00	50	6,000,000.00
3	Duplex Laser Monochrome Printers	254,000.00	50	1,200,000.00
4	Duplex Laser Copier with printers 5PDF/DADF	600,000.00	20	12,000,000.00
5	Premium Sofa set 5 seats each with center table	250,000.00	10	2,500,000.00
6	Odular work station	20,000.00	200	4,00,000.00
7	Office chairs	20,000.00	400	8,000,000.00
8	Executive display cabinet	150,000.00	5	750,000.00
9	Executive chair	43,200.00	20	864,000.00
10	20 seater conference room table with chairs & furnishing of conference room	2,000,000.00	3	6,000,000.00
11	Office steel almirahs	37,000.00	150	5,550,000.00
12	Steel Rack	25,000.00	100	2,500,000.00
13	Water cooler with inline RO water purifier	336,000.00	5	1,680,000.00
14	Digital Video Conferencing Multi-Media system with Multi-Media interactive flat panel with windows and android/chrome OS Al enabled	7,500,000.00	3	22,500,000.00
15	LED Smart TV 65 Inches	150,000.00	10	1,500,000.00
16	File compacter High Density storage 3 bay with mechanized drive	1,000,000.00	10	10,000,000.00
17	Filling cabinet 4 Shelves	72,000.00	100	7,200,000.00
18	Glass Door Almirah Double door	48,000.00	20	960,000.00
19	Cash Chest	300,000.00	5	1,500,000.00
20	Audio Visulas	7,000,000.00	3	21,000,000.00
21	Refrigerator 400 Lt	60,000.00	10	600,000.00
			Total	137,004,000.00

(मनोज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।